राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

(सी–7ए, सुल्तान हाऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।)
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

क्रमांकःपैरामेडि.कौं / परीक्षा / 2021–2022 / 1366 दिनांकः 28/03/2022

–::सार्वजनिक सूचना::–

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर के द्वारा आयोजित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष सत्र 2019–20 जून 2021 के दिनांक 02.02.2022 को जारी परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना के ऑनलाईन आवेदन–पत्र दिनांक 30.03.2022 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 08.04.2022 को रात्रि 12:00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें। ऑनलाईन आवेदन पत्र www.rpcraj.net पर उपलब्ध है।

पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना हेतु आवेदन–पत्र ऑन–लाईन की दिशा–निर्देश निम्नानुसार हैः–

1. उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर के नियम / विनियम के अनुसार होंगे।
2. अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र भरने से पूर्व इस हेतु वर्णित नियम व टिप्पणियों को बेवसाईट पर ध्यानपूर्वक पढ़ें।
3. अभ्यार्थी को पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना के परिणाम की सूचना जब तक प्राप्त नहीं हो जाती, अभ्यार्थी अपना परिणाम अपरिवर्तित मानते हुए तदनुसार आगे की कार्यवाही करें।
4. अभ्यार्थी पुनर्मूल्यांकन हेतु थ्योरी के कुल प्रविष्ट पेपर्स के कुल 50 प्रतिशत पेपर्स में ही पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना हेतु आवेदन कर सकता / सकती है। यदि छात्र थ्योरी के कुल पॉच पेपर्स में प्रविष्ट हुआ है तो नियमानुसार 2.5 पेपर्स में आवेदन करने योग्य है। अतः पेपर्स को राउण्ड ऑफ करते हुए 3 पेपर्स में आवेदन कर सकता है। फीस प्रति– उत्तरपुस्तिका के हिसाब से चार्ज की जायेगी।
5. अभ्यार्थी पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना हेतु थ्योरी पेपर्स में ही आवेदन कर सकता है, फीस प्रति उत्तरपुस्तिका के हिसाब से चार्ज की जायेगी।
6. पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना छात्रों को दी गई एक विशेष सुविधा है, पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना परिणाम के फलस्वरूप प्रवेश एवं राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल की परीक्षा में बैठने की अनुमति के संबंध में किसी भी प्रकार की विशेष रियायत संबंधी नियम / विनियम के विपरीत देने के लिए राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल बाध्य नही होगा।
7. छात्र ऑनलाईन भरे गये पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना फार्म की हार्डकॉपी (प्रिन्टेड प्रति) एवं ऑनलाईन भुगतान के बाद प्राप्त शुल्क की रसीद को अपने सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करवाऐं, जिससे कि सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य समस्त प्राप्त आवेदन–पत्रों को अपने महाविद्यालय में सुरक्षित रखते हुये आवेदन–पत्रों की सत्यापित सूची क्रमानुसार एवं ऑनलाईन आवेदन पत्रों की सत्यापति सूची के अनुसार प्रमाणित प्रिन्ट के साथ अंकतालिका संलग्न कर भिजवावें एवं यदि केवल पुर्नगणना हेतु आवेदन किया है, तो अंकतालिका की छायाप्रति ही संलग्न कर राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल को प्रेषित करेंगे। दस्तावेज के अभाव में भरा गया ऑनलाईन फॉर्म स्वतः ही निरस्त माना जाएगा।
8. यदि अभ्यर्थी नियम से अधिक विषयों / उत्तरपुस्तिका में पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना भर देता है अथवा एक से ज्यादा बार पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना फॉर्म भरकर ऑनलाईन शुल्क जमा करा देता है तो ऐसी स्थिति में अभ्यार्थी का आवेदन स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।
9. पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना के आवेदन की राशि राजस्थान पैरामेडिकल कौसिल नियम / विनियम–2015 के शेड्यूल 16 (11, 12) निम्नानुसार हैः–

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

(सी–7ए, सुल्तान हाऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।)

Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

क्र सं.	विवरण	शुल्क
1	पुनर्मूल्यांकन शुल्क प्रति पेपर	500/–
2	पुनर्गणना शुल्क प्रति पेपर	200/–

समस्त संबंधित संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि सभी छात्र/छात्राओं को आप अपने स्तर से सूचित करें कि पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना हेतु आवेदन पत्र राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल द्वारा ऑनलाईन स्वीकार किये जा रहे है।

दिनांक 11.04.2022 से दिनांक 13.04.2022 तक पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना के ऑनलाईन आवेदन पत्रों की सूची की सत्यापित हार्ड प्रति कौंसिल कार्यालय में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। दिनांक 13.04.2022 को सायं 04:00 बजे के पश्चात् पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना के ऑनलाईन आवेदन पत्रों की हार्ड प्रति स्वीकार नही की जावेगी।

O/C परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकःपैरामेडि.कौं/परीक्षा/2021–2022/1366 दिनांकः 28/03/2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. रजिस्ट्रार,. राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. समस्त प्रधानाचार्य, सम्बद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थान को भेजकर लेख है कि उक्त सार्वजनिक सूचना को संस्थान के सूचना पटट् पर चस्पा करावें।
4. प्रभारी, सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि आज ही वेबसाईट पर अपलोड करें।
5. रक्षित पत्रावली।

O/C परीक्षा नियंत्रक

28/3/22